जनपद हमीरपुर

दिनांक 06.06.2026

यातायात व्यवस्था

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.06.2026 से 10.06.2026 तक उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा आयोजित की जानी है। जिसमें बड़ी संख्या में परीक्षार्थियों के सम्मिलित होना प्रस्तावित है। परीक्षा के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने जाम की स्थिति से बचाव तथा जनसुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जनपद में अस्थायी यातायात डायवर्जन व्यवस्था लागू की जा रही है।

यातायात डायवर्जन अवधि:

दिनांक 08.06.2026 से 10.06.2026 तक प्रतिदिन प्रातः 05:00 बजे से सायं 19:00 बजे तक।

रूट डायवर्जन

कानपुर से महोबा की ओर जाने वाले वाहन

- कानपुर/घाटमपुर से आने वाले **भारी वाहन** चौडगरा-बांदा मार्ग होते हुए कबरई के रास्ते महोबा जाएंगे।
- कानपुर/घाटमपुर से आने वाले **भारी वाहन** कालपी-उरई एवं बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से महोबा जा सकेंगे।

महोबा से कानपुर की ओर जाने वाले वाहन

- महोबा से कानपुर जाने वाले **भारी वाहन** कबरई-बांदा-चौडगरा मार्ग अथवा खन्ना से बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के माध्यम से कानपुर जाएंगे।

यातायात नियंत्रण एवं सहायता

यातायात व्यवस्था के सुचारु संचालन हेतु जनपद के प्रमुख चौराहों तिराहों एवं बैरियरों पर स्थानीय थाना पुलिस तथा यातायात पुलिस की तैनाती की जाएगी। किसी भी प्रकार की यातायात संबंधी समस्या अथवा सहायता हेतु निम्नलिखित मोबाइल नंबरों पर संपर्क किया जा सकता है-

- 9473987561
- 9454401360
- 9454403540

आपातकालीन स्थिति में यूपी-112 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

विशेष अपील

समस्त पत्रकार बंधुओं, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन तथा आमजन से अनुरोध है कि उक्त यातायात व्यवस्था एवं डायवर्जन संबंधी निर्देशों का अधिक से अधिक प्रचार.प्रसार करें तथा निर्धारित मार्गों का उपयोग करते हुए पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। जिससे परीक्षा अवधि के दौरान यातायात सुचारु बना रहे और किसी भी नागरिक को अनावश्यक असुविधा का सामना न करना पड़े।